भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3190

18 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिये जाने के लिए

मेरठ में रैपिड रेल परियोजना

3190.श्री अरुण गोविलः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मेरठ में रैपिड रेल परियोजना सितंबर, 2025 में पूरा हो गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ख) रैपिड रेल और मेरठ मेट्रो का उद्घाटन कब तक होने की संभावना है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) और (ख): नमो भारत रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) कॉरिडोर की कार्यान्वयन एजेंसी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लिमिटेड (एनसीआरटीसी) ने सूचित किया है कि दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत आरआरटीएस कॉरिडोर का दिल्ली के न्यू अशोक नगर से मेरठ के मेरठ दक्षिण तक 55 किलोमीटर का हिस्सा चालू है। दिनांक 30.11.2025 तक दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत आरआरटीएस कॉरिडोर की भौतिक प्रगति 96.30% और वित्तीय प्रगति 89.40% है।

*****